हरिभूमि- **कांकेर भूमि**

रायपुर, सोमवार, 1 जुलाई 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य छह माह बंद...





12 विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने जून माह...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.cgstate.gov.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि-03/07/24


## पड़ताल: बस्तर संभाग की दोनों लोकसभा के हार के कारणों को चौधरी ने सुना

# कांग्रेस नेता हार के कारणों को खोजने पहुंचे कांकेर राजीव भवन के बजाए रेस्ट हाउस में लगाया दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर व कांकेर लोकसभा में कांग्रेस को मिली हार के कारणों को जानने के लिए राष्ट्रीय व प्रदेश के नेता रविवार 30 जून को कांकेर पहुँचे। कांकेर के राजीव भवन में दरबार लगाने के बजाए विश्राम गृह में दरबार लगाया। दरबार में बस्तर संभाग के 12 विधानसभा व सातों जिला के पदाधिकारियों से विधायक व पदाधिकारी से बंद कमरे में संवाद किया। नेताओं ने हो हल्ला से बचने के लिए कांकेर पहुँचे नेताओं ने एक एक पदाधिकारी से बातचीत किया, वहीं हार के कारणों को खुलासा नहीं करने की बात कही।

- कांग्रेस फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष वीरप्पा मोइली नहीं पहुँचे कांकेर

जानकारी के अनुसार लोकसभा के चुनाव में बस्तर और कांकेर लोकसभा में हार को लेकर प्रदेश स्तर पर बवाल मचा हुआ है। बस्तर लोकसभा को लेकर यह चर्चा रही कि प्रत्याशी के बदल दिए जाने के कारण कवासी लखमा की हार हुई। इसी बात को लेकर कवासी लखमा भड़क गए। कवासी लखमा के सर्मथकों का कहना था कि प्रदेशाध्यक्ष के सर्मथकों ने काम नहीं किया, उसी का परिणाम रहा कि बस्तर लोकसभा चुनाव हार गए है। विश्रामगृह के बाहर इस तरह की चर्चा लगातार होती रही। लोकसभा कांकेर को लेकर यह चर्चा रही कि बालोद जिले के तीनों विधानसभा में कांग्रेस के विधायक है। बालोद और गुंडरदेही से हार मिलने के कारणों को जानने के लिए विधायक से सवाल किए गए, विधायकों ने जो कहा, उससे राष्ट्रीय पदाधिकारी खुश नजर नहीं आएं। नगरी सिहावा में कांग्रेस विधायक होने के बाद हार मिलने के कारणों को विधायक नहीं गिना पाई।





### हार का कारण नहीं बता सकते, यह रिपोर्ट गोपनीय



फैक्ट फाइडिंग कमेटी के अध्यक्ष वीरप्पा मोइली के अलावा हरीश चौधरी व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को कांकेर पहुँचना था। बस्तर की हकीकत को जानने के लिए फैक्ट फाइडिंग कमेटी के अध्यक्ष वीरप्पा मोइली और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट नहीं पहुँचे, केवल हरीश चौधरी पहुँचे। उन्होने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह समिति कांग्रेस की आंतरिक समिति है। हमारी समिति विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष से बात करके रिपोर्ट बना रहे है और यह रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौपी जाएगी। बस्तर में कांग्रेस काफी मजबूत है। यह इलाका कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित है। लोकसभा में जिन कमियों के कारण हम लोग हारें है, उन कमियों को जानने के लिए ही आएं है। बस्तर संभाग के सभी नेताओं से बात हुई है, इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है और हार के कारण को भी हम नहीं बता सकते है। यह रिपोर्ट गोपनीय है और इसे राष्ट्रीय अध्यक्ष को ही सौंपा जाएगा।

### विधायकों के खिलाफ मचा हल्ला

लोकसभा कांकेर में बालोद जिले के दो विधायक और धमतरी के एक विधायक के क्षेत्र में हार होने का हल्ला सबसे ज्यादा मचा। संगठन के लोगों का कहना है कि विधायक द्वारा संगठन के कुछ लोगों को ही साथ में लेकर काम करते है, शेष पदाधिकारियों की कोई पूछ परख नहीं रहती है। बालोद जिले के दो विधानसभा में विधायक की कार्यशैली से नाराज होकर कई पदाधिकारी लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उसी के चलते बालोद में बहुत बड़ा गड्ढा हो गया है, उसी तरह का हाल गुंडरदेही का रहा। धमतरी जिले के नगरी सिहावा विधानसभा के इलाके के संगठन के लोगों की जो नारजगी थी, उस नारजगी को विधायक ने दूर किया, जिससे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में सही ढंग से काम नहीं हुआ और इस विधानसभा में हार का सामना करना पड़ा। इस विधानसभा से सदैव कांग्रेस आगे रहती थी, इस बार कांग्रेस पीछे रही।

### यह रहे उपस्थित

एआईसीसी के सचिव व प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़, सह प्रभारी चंदन यादव, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रतिपक्ष नेता चरणदास महंत के अलावा बस्तर संभाग के कांग्रेस विधायक, बालोद जिले के कांग्रेस विधायक, धमतरी जिले के कांग्रेस विधायक व संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएसबी पाठशाला में बच्चों को नि:शुल्क बैग व किताब का वितरण



**अंतागढ़।** 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ द्वारा एसएसबी पाठशाला मे आने वाले स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में आज इन बच्चों को निःशुल्क बैग, किताब और जूतों का वितरण किया गया।

- 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ ने बांटा

सीओबी भैयासालेभाट में चलाए जा रहे एसएसबी पाठशाला मे आने वाले स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक किया जा रहा हैं। एसएसबी पाठशाला का उद्देश्य ग्रामीण स्कूल के बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करना है, जिससे इन बच्चों में पढ़ाई के साथ देश के प्रति देशभक्ति की भावना पैदा हो सके। इस अभियान के लिए और शिक्षा के लिए सीओबी से जवान और अधीनस्थ अधिकारी कैंप के नजदीकी स्कूल में जाकर के बच्चों को भिन्न भिन्न विषयों की शैक्षणिक जानकारी देते है, और इसके साथ साथ खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए खेल गतिविधियां तथा अन्य सरकारी जागरुकता कार्यक्रम भी इन बच्चों के साथ आयोजित कराए जाते है। कार्यक्रम के अंतर्गत 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा सीओबी भैयासालेभाट के गांव फूलपाड, छोटीजैतपुरी, सारंगीपाल, कोलारगांव के ग्रामीण बच्चों को स्कूल बैग, किताब और जूते बांटे जिससे इन बच्चों के अभिभावकों को मदद मिल सके और वाहिनी ने अपने ध्येय वाक्य सेवा सुरक्षा व बन्धुत्व को चरितार्थ किया। इस अवसर पर कमांडेट अरुण देवगम कमांडेंट, सहायक कमांडेट अशुतोष कुमार, संयोजक प्रदीप पिल्लई, जीई फाउंडेशन और प्रिया सहित अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिकों व एसएसबी पाठशाला में शामिल बच्चों ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### 3 नए कानून 1 जुलाई से होंगे प्रभावशील



**दुर्गुकोंदल।** भारत सरकार द्वारा पारित 3 नए कानून 1 जुलाई से प्रभावशील होंगे। इसकी जानकारी पुलिस द्वारा लोगों को दी जा रही है। इस संबंध में थाना दुर्गुकोंदल के प्रभारी योगेश सोनी ने दुर्गुकोंदल के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, थाना क्षेत्र के सरपंचों की बैठक 1 जुलाई को पुलिस थाना दुर्गुकोंदल में रखी है। बैठक के संबंध में लोगों को लिखित आमंत्रण पत्र भी भेजा है।

### दो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम सिंगारभाट में आरोपी के घर पुलिस ने 29 जून की शाम 8 बजे छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी सिंगारभाट निवासी 36 वर्षीय दुलारी नाग पति शांता के कब्जे से महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी महिला अपने मकान बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब रखी हुई और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने इलाके की घेराबंदी किया और आरोपी महिला के कब्जे से 4 लीटर देशी महुआ शराब व नकद 100 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने 29 जून को शाम 4 बजे बोगर निवासी ईश्वर कोठारी पिता शिवकुमार के कब्जे से 10 पव्वा देशी प्लेन शराब कीमती 900 रुपए और 5 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 650 रुपए व नकद 220 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# किसान वृक्ष मित्र योजना, किसानों की होगी आर्थिक उन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





वनमण्डल कांकेर अंतर्गत किसान वृक्ष मित्र योजना का वनमण्डल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक भवन नरहरपुर में हुआ। किसानों को इस योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना से आर्थिक उन्नति तय है और साथ ही पर्यावरण में सुधार भी होगा। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शासन के इस महती योजना पर प्रकाश डालते हुए कृषकों को सबोधित किया कि हमने अब तक वनों एवं वृक्षों का कटाई करते आए है। इस योजना से जहाँ कृषक के आय के अलावा पर्यावरण को भी सुधारने में सहयोग मिलेगा, वहीं इस योजना से पौधारोपण करते है तो यह पौधारोपण नहीं बल्कि आपका बचत बैक होगा। विधायक द्वारा एक वृक्ष काटने के बदले दस वृक्ष लगाने का आव्हान उपस्थितजनों से किया। वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने बताया कि इस योजना अन्तर्गत इच्छुक भूमि स्वामी शासकीय, अर्धशासकीय, गैर शासकीय, निजी शिक्षण संस्थाएँ निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएँ, पंचायतें भूमि अनुबंध धारक जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते है, उन्हे शासन के द्वारा वाणिज्यिक प्रजाति टिशुकल्चर सागौन, टिशुकल्चर बांस, क्लोन नीलगिरी, मिलिया डुबिया, सफेद चंदन एवं अन्य आर्थिक लाभ के 50000 पौधे तक निशुल्क प्रदाय किया गया। कृषकों को रोपण से लेकर आगामी 03 वर्षो तक अनुदान भी मिलता है। प्रति एकड़ टिशुकल्चर सागौन 250 पौधे, क्लोनल नीलगिरी 900 पौधे, टिशुकल्चर बांस 450 पौधे, मिलिया डुबिया 160 से 440 पौधे एवं सफेद चंदन 160 पौधे एवं अन्य आर्थिक लाभकारी पौधे आवश्यकतानुसार रोपण करने का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिए भूमि का खसरा नक्शा कृषक मोबाईल नम्बर, आधार कार्ड एवं बैंक का एकाउंट नंबर अनिवार्य है। किसान व ग्रामीण अपने नजदीकी वन अमले को सम्पर्क कर योजना का लाभ ले सकते है।

**ये रहे उपस्थित-** आयोजित कार्यक्रम में भरत मटियारा, मुकेश संचेती, संजय जुर्री, विजय कुमार ठाकुर, अतुल मिरानी, हेमलाल मरकाम, रामचरण कोर्राम, मने सिंग कावड़े, सुशिला सिन्हा, धनेश कौशिक, सन्तोष भास्कर, जसराज चोपड़ा, राजेश नाग, महेश पोटाई, देवनारायण पटेल, संयुक्त वन मण्डलाधिकारी जेएस मरावी, उप वनमण्डलाधिकारी आरएस मरकाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी शंकर दास, रहमान खान एवं वनमण्डल के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्तिम कड़ी में प्रेमलाल जैन कृषि फार्म नरहरपुर का भ्रमण किया गया, जहाँ पर कृषि वानिकी द्वारा पौधा रोपण की तकनीकों का बारिकी से जानकारी दिया गया तथा अपने फर्म में रोपित सागौन, चंदन पौधे का भ्रमण कराया जिससे कृषकों को तकनीक जानकारी मिली।





# बारिश के मौसम शुरू होते ही सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

बारिश का मौसम शुरू होते ही सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं, कई सब्जियों की कीमत तो शतक पार कर चुकी है। विकास खण्ड दुर्गुकोंदल मुख्यालय सहित प्रदेश के दूसरे जिलों में सभी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं।




सब्जियों के दाम बढ़ने के पीछे स्थानीय स्तर पर सब्जियों की आवक नहीं होने के कारण सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। स्थानीय स्तर पर 10 फीसदी सब्जी की आवक मंडी में हो रही है। 90 फीसदी सब्जी दूसरे राज्यों से सप्लाई होने के कारण सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में सब्जियों की सप्लाई हो रही है, जिसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान है। महिलाओं के किचन का बिगड़ा बजट पहले की तुलना में प्रति किलोग्राम सभी सब्जियों में 20 से 30 रुपए का इजाफा हुआ है, जो लोग 2 किलो टमाटर खरीदते थे। वो 1 किलो टमाटर खरीदने के लिए मजबूर हैं, वहीं 500 रुपए की सब्जी में एक थैला भी नहीं भर रहा है। सब्जी के दाम बढ़ने का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। इसके साथ ही सब्जी के दाम बढ़ने से महिलाओं के किचन का बजट भी बिगड़ गया है। आम आदमी की जेब पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। वर्तमान में सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ती जा रही है जिसमें टमाटर 70, भिंडी 80, आलू 50, प्याज 40, बैगन 60, शिमला मिर्च 120 बरबटी 60, सहित कई सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं।


हरिभूमि पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969



# National Doctors Day...

"एक डॉक्टर को कभी भी आपकी जाति या धर्म से मतलब नहीं होता उसके लिए सभी एक समान होते हैं"



## डॉ. रॉय को यादगार के रूप में मनाते है डॉक्टर्स-डे

डॉ. बिधान चन्द्र रॉय पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री होने के साथ ही प्रसिद्ध और किंवदंती चिकित्सक को सम्मान देने के लिए 1 जुलाई को पूरे भारत भर में हर वर्ष राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस मनाया जाता है। भारत में ये एक महान रीति है जो अपने महत्वपूर्ण भूमिका और जिम्मेदारी के साथ ही हर एक के जीवन में चिकित्सक की वास्तविक जरुरत को पूरा करने में मदद करती है। डॉक्टर्स की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के बारे में आमजन को जागरुक करने के लिए इस जागरुकता अभियान का वार्षिक उत्सव मदद करता है।

इस दिन देश में डॉ. बिधान चंद्र रॉय के कार्यों एवं उनके सामाजिक प्रतिबद्धताओं को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता हैं। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एक बड़ा जागरुकता अभियान है, जो सभी को मौका देता है। डॉक्टरों की भूमिका, महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही साथ चिकित्सीय पेशेवर को इसके नजदीक आने और अपने पेशे की जिम्मेदारी को समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है। संपूर्ण चिकित्सीय पेशे के लिए सम्मान प्रकट करने के लिए डॉ. बिधान चन्द्र रॉय की याद में इस दिन को मनाया जाता है।


एक डॉक्टर की मुस्कराहट उसके दवाओं से कही ज्यादा असर दिखाती हैं।

हैप्पी डॉक्टर्स डे



डॉ. अविनाश खरे
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
कांकेर

डॉक्टर जब किसी का इलाज करते है तो सबसे पहले उसे मानसिक तौर पर मजबूत बनाने का कार्य करते हैं।

हैप्पी डॉक्टर्स डे



डॉ. भेषज रामटेके
बी.एम.ओ., सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
अंतागढ़

स्वास्थ्य लाभ में दवाई ही हमेश जरूरी नहीं होती हैं, इसके लिए विश्वास भी जरूरी होता हैं।

हैप्पी डॉक्टर्स डे



डॉ. टीकू सिन्हा
संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक
शा. चिकित्सा महा. वि. कोमलदेव चिकित्सालय, कांकेर

डॉक्टर अपने मरीजों के लिए अपारदर्शी और दर्पण की तरह होना चाहिए।

हैप्पी डॉक्टर्स डे



डॉ. सुनील कुमार सोनी
डिस्ट्रीक्ट लेप्रोसी ऑफिसर
कांकेर



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

आस्था मेडिकोज

जिला कांकेर



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस



## डॉक्टर इस दुनिया के वास्तविक हीरो है जो जीवन की रक्षा करते है...

## राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**डॉ. प्रशांत सिंह**
बीएमओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर



**डॉ. राजीव रंजन तारम,**
चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर



**डॉ. भूपेंद्र ध्रुव**
चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर



**डॉ. कुमुद कुंजाम**
चिकित्सा अधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासनवाही विकासखंड नरहरपुर



**डॉ. नन्हें सिंह सिन्हा**
चिकित्सा अधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी, विकासखंड नरहरपुर



**डॉ. अनिल गौतम**
गौतम हॉस्पिटल
भानुप्रतापपुर

एक डॉक्टर कभी भी आपकी जाति या धर्म की परवाह नहीं करता, उसके लिए सब एक जैसे होते हैं। क्योंकि अपने मरीज़ को बचाना वो अपना फ़र्ज़ मानते हैं।





**डॉ. दीपेश गड़रिया** **डॉ. वंदना गड़रिया**
वंदना हास्पिटल, परवांजुर

ईश्वर सबके जीवन की रक्षा खुद से नहीं कर पाते इसलिए इस धरती पर अपने रूप में डॉक्टर को भेज दिया।

**हैप्पी डॉक्टर्स डे**



**डॉ. युगल किशोर जैन**
पूर्णिमा हास्पिटल भीरावाही, कांकेर

आप न सिर्फ एक डॉक्टर हैं बल्कि उससे बढ़कर दोस्त और मार्गदर्शक भी हैं, इसलिए आपके रास्ते में खास शुभकामना है.

**हैप्पी डॉक्टर्स डे**



**डॉ. एच. एस. विनोद**
आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी

डॉक्टर बड़ी से बड़ी बीमारी पर भी अपनी सूझबूझ से उस बीमारी को छोटा कर देते हैं और फिर उसे खत्म कर देते हैं

**हैप्पी डॉक्टर्स डे**



**डॉ. विनोद वैद्य**
जिला सलाहकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कांकेर

## नेशनल चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं..

National Doctor's Day



**डॉ. सुशील गुप्ता**
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरोना जिला कांकेर



**डॉ. शशांक गुप्ता**
चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल, जिला कोण्डागांव



**डॉ. रूबी गुप्ता**
मैक्सिलो फेशियल सर्जन
कांकेर



**डॉ. शिवांगी गुप्ता**
चिकित्सा अधिकारी पी.एच.सी.
रामनगर, जिला कांकेर



विनीतः श्रीमती सुषमा गुप्ता
सरोना, कांकेर

**+ दवाखाना +**
**वर्षा क्लीनिक**
**डॉ. बी.एन. साहू**
9907794344, 7089918538
अमोड़ा

**खबर संक्षेप**



### शहर में बारिश की झड़ी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**जगदलपुर।** बंगाल की खाड़ी में एक दिन पहले शनिवार को बने कम दबाव का क्षेत्र का असर रविवार को दिखा। लो प्रेशर की वजह से संभाग मुख्यालय में दोपहर से शाम लगभग 4 घण्टो तक झमाझम बारिश हुई। झड़ी की वजह से शहर के विभिन्न इलाकों में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। महापौर और आयुक्त के प्रयास से शहर में जहां जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है, उन स्थलों से निकासी व्यवस्था बहाल किये जाने से आज बारिश का पानी सड़क में ज्यादा समय तक जमा नही हुआ। इसलिए राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी नही हुई। लेकिन लगातार बारिश के चलते कहीं-कहीं पर भारी जलजमाव की स्थिति से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### राव बने जिला मिशन समन्वयक

**जगदलपुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर विजेन्द्र राठौर के पद से त्यागपत्र दिये जाने पश्चात एम. व्ही. राव सहायक को जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक स्तर नियुक्त किया है। आगामी आदेश तक जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर के पद पर पदस्थ रहेंगे। विजेन्द्र राठौर को उनके मूल पदस्थ संस्था शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर के लिए भारमुक्त किया गया। रिक्त सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक स्तर के पद पर विजय कुमार झाड़े व्याख्याता एलबी शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पामगल विकासखंड भोपालपटनम को आगामी आदेश तक इस पद पर पदस्थ किया गया है।

### एनएच का सुकमा डिवीजन कोंडागांव स्थानांतरित

**जगदलपुर।** लोकनिर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के मुख्य अभियंता ने एनएच के सुकमा डिवीजन को कोंडागांव स्थानांतरित किया। इस पर एनएच रायपुर के अधीक्षण अभियंता एसएस मांझी ने बताया कि कोंडागांव से नारायणपुर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी चौड़ीकरण, नारायणपुर-आकाबेड़ा का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए एनएच के सुकमा डिवीजन को कोंडागांव डिवीजन बना दिया। सुकमा में अनुविभागीय कार्यालय रहेगा।

# सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य छह माह बंद, दूसरी किस्त नहीं मिली

**मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत बनाया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम खुटगांव में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6 महीने से अधूरा है। सरपंच व सचिव ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को बालक माध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल के चपरासी रमेश दुग्गा को ठेके पर दिया। चपरासी ने निर्माण कार्य की दूसरी किश्त जारी नहीं करने से अधूरा कार्य छोड़ दिया है। पंचायत खुटगांव के सचिव, सरपंच अधूरा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को पूरा कराने ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल से 100 मीटर दूरी पर स्थित अधूरे भवन की निरीक्षण करना सीईओ और इंजीनियर उचित नहीं समझ रहे हैं। इस कारण सचिव, सरपंच मनमर्जी और ठेकेदार बालक माध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल के चपरासी का हौसला बुलंद है।

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल से 100मीटर दूरी पर उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गुकोंदल में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना से 6.50 लाख रूपएं की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है, लेकिन यह सामुदायिक भवन निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। 100 मीटर दूरी में स्थित अधूरे भवन निर्माण कार्य को पूर्ण कराने में भी सीईओ व सब इंजीनियर सामने नहीं आ रहे हैं। इस कारण भवन निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है और ना ही कोई काम आ र है। भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दरकिनार किया गया है।

**स्थल से बोर्ड गायब**

भवन निर्माण कार्य स्थल पर बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, ताकि लोग भवन निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि, निर्माण कार्य अवधि की जानकारी से दूर रहें। भवन निर्माण कार्य की ठेकेदार और बालक माध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल के चपरासी ने बताया कि निर्माण कार्य वह कर रहा । पहला किश्त मिली है, दूसरा किश्त नहीं दे रहे हैं, इसलिए अधूरा छोड़ दिया हूं।



**राशि की कमी के कारण काम रुका**

इस संबंध में इंजीनियर बुधपाल वासनिक ने बताया कि भवन निर्माण की प्रथम किश्त से स्लेब लेबल तक काम हुआ है। राशि की कमी से भवन निर्माण रूका हुआ है। सामुदायिक भवन निर्माण की दूसरी किश्त की फाइल का मूल्यांकन किया हूं, जल्द राशि जारी करवाकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## तीर्थयात्रा : श्री रामलला दर्शन योजना के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

# अयोध्या व बनारस से वापस पहुंचे श्रद्धालुओं में दिखा गजब का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत 26 जून को निकले जिले के 72 वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा के पश्चात रविवार 30 जून को सुबह सुबह 5 बजे कांकेर सकुशल पहुँचे। तीर्थयात्री के दल में कई तीर्थयात्रियों का कहना था कि हम लोग इस जन्म में काशी विश्वनाथ और अयोध्या नहीं पहुँच पाते। विष्णुदेव सरकार ने हम लोगों को दर्शन करा दिया, यह हमारे लिए बहुत बड़ा उपकार है। अयोध्या से वापस पहुंचे राम भक्तों में गजब का उत्साह दिखाई दिया।

अयोध्या धाम के दर्शन कर लौटे नरहरपुर विकासखंड के ग्राम सरोना निवासी शांता बाई मरकाम ने बताया कि सबसे पहले उत्तर प्रदेश पुण्य धरा काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन किए, इसके बाद अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला के साथ ही गंगा आरती में भी शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई और तीर्थ स्थलों में अच्छे से घूमने और दर्शन करने का मौका मिला। हमने कभी नहीं सोचा था कि बनारस और अयोध्या जाने का मौका मिलेगा। हमारी किस्मत बुलंद थी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बेहतर योजना, जिसके चलते हमें यह मौका मिला। चारामा विकासखंड के ग्राम हाराडुला निवासी सुधराम सिन्हा ने बताया कि सहयोगी माखन हिरवानी के साथ अयोध्या धाम यात्रा के लिए गए थे। अयोध्या में भगवान श्री रामलला के बाल स्वरूप के दर्शन के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था थी, जिससे सभी को अच्छे से दर्शन का सौभाग्य मिला। दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम हाटकोंदल निवासी युवराज सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से छत्तीसगढ़वासियों को भगवान श्री राम के जन्म स्थल अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा रहा है, जो कि बहुत ही सराहनीय पहल है।

ठेलकाबोड़ निवासी जागेश्वरी उइके, जैसाकर्रा निवासी पुरइन साहू, उमरादाह निवासी गोविंद राम नाग, राजकुमार पटेल और अंतागढ़ निवासी उर्मिला साहू, हाटकोंदल निवासी दरबू राम कोसमा, ललित हिडको और मोहन सिंह ठाकुर सहित जिले के सभी तीर्थयात्रियों ने अयोध्या धाम यात्रा के लिए शासन की व्यवस्थाओं से अभिभूत होकर और भगवान श्री रामलला के दर्शन कराने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

यात्रियों के सहयोग एवं अनुरक्षक के रूप में गए वीरेंद्र ठाकुर और वीरेंद्र महिलांगे ने बताया कि सभी यात्री ने ट्रेन में भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा का आनंद लिया और शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से प्रसन्नता और संतुष्टि जाहिर की। सभी तीर्थयात्री बिना किसी परेशानी के यात्रा के पश्चात सकुशल और स्वस्थ जिला मुख्यालय पहुंच गए।

**55 मरीजों की हुई जांच**

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने जून माह में चलाया सेवा सप्ताह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के रूप में संगठनात्मक सेवा प्रकल्प के अंतर्गत मौसम जनित बीमारी का स्वास्थ्य परीक्षण ग्राम पुरियारा, नरहरपुर में शिविर कैंप लगाकर संबंधित डाक्टरों से चेकअप कर ब्लड टेस्ट, शुगर, बीपी, मरीजों को जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। साफ सफाई, खानपान, स्वच्छ जल का उपयोग करें। यह जानकारी दिया गया। शिविर कैंप में लगभग 55 मरीजों ने जांच करवा कर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त किए।

बजरंग दल के प्रमुख रूप से उपस्थित प्रांत सह संयोजक शुभम नाग, विभाग मंत्री अखिलेश चंद्रोल, जिला मंत्री भावेश आरदे, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव जिला सह संयोजक मुन्ना तिवारी, जिला विधि प्रकोष्ठ महेंद्र ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष पप्पू साहू,नगर संयोजक विशाल गुप्ता, प्रखंड सह संयोजक अमर पटेल, ओमप्रकाश नाग साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम से डा.नेत्रपाल साहू, निरंजन नेताम, देवकीलता ठाकुर, स्वप्निल केरकटा, त्रिलोक ताराम, अशोक भूआर्य, संजय जैन, रोहित कोड़ोपी, सुरेखा दरों, राकेश लोनहारे, समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

# जिले के थानों में बांटा गया सैमसंग टेबलेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुलिस मुख्यालय ने थानों के लिए भेजा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण ऐलिसेला के निर्देशन में 30 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में तीन नवीन कानूनों के प्रवर्तन के दिशा में ई-साक्ष्य एप के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। ई-साक्ष्य के उपयोग के लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सैमसंग टैबलेट उपलब्ध कराया गया है। इस एप के माध्यम से विवेचकों को अपराध अनुसंधान में मदद मिलेगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन गिरिजाशंकर साव, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी अविनाश ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान एवं समस्त थाना व चौकी प्रभारी और विवेचकगण उपस्थित रहे।

# खेत की जुताई की बात को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध किया गया दर्ज



पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 14 में खेत की जुताई की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। दोनों पक्षों की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है।

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 64 श्रीपुर निवासी 45 वर्षीय महानंद विश्वास पिता मुकुल विश्वास ने पुलिस को बताया कि 29 जून को दोपहर करीबन 3 बजे भांजा देवाशीष सरकार मोबाईल से फोन कर बताया कि 29 जून को दोपहर करीबन 2 बजे पिता के साथ ट्रैक्टर लेकर अपने खेत जुताई करने गए थे। खेत जुताई करवा रहे थे कि करीबन ढाई बजे रतिन सरकार, नित्य सरकार, शिल्पा सरकार आए और ट्रेक्टर को बंद करवाकर खेत की जुताई मत करो बोलते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का तथा पास में पड़े डण्डा से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे पिता अजय सरकार तथा मेरे सिर, हाथ, गर्दन में चोट लगा है व खून निकला है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 14 श्यामनगर निवासी 30 वर्षीय रतिन सरकार पिता नित्य ने पुलिस को बताया कि 29 जून को अपने घर में काम कर रहा था। घर से हमारा खेत दिखाई देता है। दोपहर करीबन ढाई बजे हमारे खेत में कोई आदमी ट्रैक्टर लेकर आया और जुताई करवा रहा था। जिसे देखकर मेरा पिता नित्य सरकार बोले हमारे खेत को कौन जुताई कर रहा है, देखकर आता हूं बोला और खेत तरफ चला गया। पीछे पीछे मैं और मेरी पत्नि शिल्पा सरकार भी गए। खेत में जाकर देखे तो मेरे बड़े पिता अजय सरकार ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई कर रहा था। जिसको मेरे पिता ने बोला की यह तेरा खेत नहीं है, मेरा खेत है, तू क्यों जुताई कर रहा है। बोलने पर आरोपी अजय सरकार गुस्सा होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। देवाशीष सरकार के साथ हाथ मुक्का तथा डण्डा से मारपीट किया है। लड़ाई झगड़ा को छुड़ाने के लिए मेरी पत्नी शिल्पा सरकार गई तो उसे देवाशीष सरकार ने हाथ मुक्का तथा डण्डा से मारपीट किया । बीच बचाव करने मैं भी गया तो मेरे साथ भी धक्का मुक्की कर मारपीट किया गया। मारपीट करने से मेरे पिता रतिन सरकार के मेरे सीना, जंघा और दोनो हाथ, पीठ, मुंह, नाक में चोट लगा है। मेरा हाथ, सीना तथा मेरी पत्नी के सीना, पेट और हाथ में चोट लगा है। प्रार्थी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## अपनी मिट्टी- अपने गांव से सदैव जुड़े रहेंगे: विधायक आशाराम



**कांकेर।** विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम ने जनता की सेवा के बीच भी अपनी मिट्टी और अपने गांव से जुड़े रहने का निर्णय जताया है।

उन्होंने अपने व्यस्त व्यवस्थित जीवन में भी वक्त निकालकर अपने पिता के साथ खेती में अपना हिस्सा डालने की प्रेरणा पाई है। आदिवासी परिवार में जन्म लेने वाले नेताम के लिए उनकी संस्कृति और रीति-रिवाज उनकी अद्वितीय पहचान है। उन्हें इस विरासत पर गर्व है और यही उन्हें अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है। आज जैसे भी हो, विधायक का संकल्प है, कि वे अपनी मिट्टी और अपने गांव के साथ सदैव जुड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चाहे कितनी भी ऊंचाई पर पहुँच जाएं, उनका यह संकल्प कभी नहीं बदलेगा।

## किराना दुकानों व पिकअप वाहन से कई बोरा राशन का चावल बरामद, दो दुकानों को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गरीबों के लिए वितरित होने वाला शासकीय पीडीएस का चावल पिछले कुछ दिनों से किराना दुकानों से बरामद किया जा रहा है। खाद्य विभाग की महिला ऑफिसर दिव्या रानी ने यह कार्रवाई की। सहायक खाद्य नियंत्रक के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई करते कुम्हारपारा और गीदम रोड स्थित दो किराना दुकान और एक पिकअप वाहन से सरकारी चावल बरामद किया गया। कार्रवाई में अम्बेडकर वार्ड में पिकअप वाहन ओडी 07 पी 6980 से 17 बोरा चावल बरामद कर जब्त किया गया। पिछले माह 11 मई को कुम्हारपारा में रमन किराना स्टोर्स से 27 बोरा और गीदम रोड पर पिकअप वाहन सीजी 17 एच 3087 से 60 बोरा राशन चावल जब्त की गई थी। बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में कुछ राइस मिलरों की संलिप्तता है। लोगों की मानें तो राइस मिलर पीडीएस चावल को 23 से 25 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद रहे हैं।

**अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई**
**ITI KANKER**
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

### गंगालूर व नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय 12 नक्सलियों ने किया समर्पण

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया कमेटी व नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय 12 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 5 लाख का ईनामी पीपीसीएम व 1 लाख कि ईनामी सीएनएम अध्यक्ष दंपति शामिल है। आईजी सुंदरराज पी व डीआईजी कमलोचन कश्यप के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान व डीआरजी, बस्तर फाईटर, कोबरा 202, सीआरपीएफ 222 एवं 85 वीं बटालियन के सयुंक्त प्रयास छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ, गंगालूर एरिया कमेटी व नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय 12 नक्सलियों ने डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी, एसपी बीजापुर जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222 विनोद मोहरिल, कमांडेंट 85 वीं वाहिनी व्ही तुसिंग, कमांडेंट कोबरा 202 अमित कुमार, एएसपी वैभव बैंकर, डीएसपी सुदीप सरकार व विनित साहू के समक्ष समर्पण कर दिया।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ द्वारा किडनी सम्बधित ओ.पी.डी. कैंप आपके शहर कांकेर में
डॉ. करण सराफ
एम.बी.बी.एस, एम.डी (मेडिसिन)
डीएम नेफ्रोलॉजी (स्वर्ण पदक विजेता)
हर माह के पहले मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे
समय : दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक
इन निम्न परेशानियों से निदान पाएं | 02 जुलाई मंगलवार को उपलब्ध रहेंगे
- किडनी इन्फेक्शन
- हाई ब्लड प्रेशर
- हाई शुगर
- शुगर, बी.पी. व अन्य किसी वजह से खराब हुए किडनी का ईलाज
- चेहरे या पूरे शरीर पर सूजन
- डायबिटिक किडनी
- पेशाब कम एवं प्रोटीन आना/झाग आना
- पेशाब का रंग लाल
- अनियंत्रित ब्लड प्रेशर
- किडनी ट्रांसप्लांट
- डायलिसिस के लिए परामर्श
- किसी भी कारण से किडनी फंक्शन (Creatinine, Urea, Uric Acid) का बढ़ाना
गुरुकृपा पैथालॉजी
शीतला मेडिकल के पास जिला जेल के सामने, मेन रोड कांकेर
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:: 8888152449, 9826161993, 9424294848
नोट - हर माह की 1 एवं 15 तारीख को Thyroid & HBA1C Test 300/300 रू. में और full body checkup 900 रू. में उपलब्ध